Title: Alleged irregularities in transportation of coal from CCL coal mines in Chansnala Washery of SAIL.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया के चासनाला वाशरी में करीब डेढ़ वर्ष से सीसीएल के करगली कोयला खदान से कोयले का परिवहन करीब 120 किलोमीटर की दूरी से हो रहा है, जबकि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के कोयला खदान की दूरी वहां से 10 किलोमीटर मात्र है और वहां कोयला भी उपलब्ध है। यह कार्य प्रबंधक और ठेकेदारों की मिलीभगत से सम्पन्न किया जा रहा है, जिसके कारण सेल को लगभग डेढ़ वर्ष में करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है।

सभापति महोदय, खुले ट्रक में, ओवर लोडेड ट्रक से कोयले का परिवहन करने के कारण प्रायः कोयला एवं कोयले का डस्ट सड़क और संबंधित क्षेत्रों में फैलने के कारण प्रदूषण का खतरा, सड़कों पर दुर्घटनाएं होने और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। इस अवैध कार्यों में कई विभागों की संलिप्तता है। परिवहन से आमजनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और राष्ट्रीय सम्पत्ति की भी लूट हो रही है।

अतः सरकार से आग्रह है कि लम्बी दूरी से कोयले का परिवहन रोकने, सेल को नुकसान से बचाने, क्षेत्र में प्रदूषण एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की व्यवस्था की जाये और लम्बी दूरी के परिवहन को अविलंब रद्द किया जाये। इसके साथ-साथ जो नुकसान हुआ है, वह वहां के मैनेजमैंट और ठेकदारों से वसूल किया जाये।